केन्द्रीय विद्यालय न0 1 एच.बी.के.
KENDRIYA VIDYALAYA No.1 HBK
(शिक्षा मंत्रालय, भारत सरकार के अधीन स्वायत्त निकाय)
Autonomous Body under Ministry of Education, Government of India
सालावाला / Salawala हाथीबडकला / Hathibarkala,
देहरादून / Dehradun(U.K.)
CBSE Affiliation Code 3500002 School code 84002दूरभाष : 0135-2743244
ई.मेल – kvhbk1ddn@gmail.com
वेबसाइट:www.no1dehradun.kvs.ac.in

तत् त्वं पूषन् अपावृणु
केन्द्रीय विद्यालय संगठन

No.F.Quotation /2022-23/KV-1 HBK DDN/ Date : 15.06.2023

सेवा में,

.....
.....
.....

विषयः विद्यालय कैंटीन संचालन हेतु निविदा आमंत्रण के सम्बन्ध में।

महोदय,

केन्द्रीय विद्यालय संगठन केन्द्रीय वित्त पोषित स्वायत्त निकाय समिति पंजीकरण अधिनियम 1860 के अन्तर्गत पंजीकृत समिति है। केन्द्रीय विद्यालय संगठन का प्रशासकीय योजना केन्द्र सरकार के हस्तांतरणीय कर्मचारियों के बच्चों को शिक्षा प्रदान करने के लिए संगठन है।

1धोहस्ताक्षरी द्वारा केन्द्रीय विद्यालय क्रमांक 1 हाथीबडकला देहरादून में विद्यालय कैंटीन संचालन हेतु निविदायें आमंत्रित की जाती है।

2 **बोली कीमतः–**

(क) केन्द्रीय विद्यालय क्रमांक 1 हाथीबडकला देहरादून में वर्ष 2023–2024 में विद्यालय में विद्यालय कैंटीन संचालन हेतु दरें संलग्न प्रपत्र में भरकर अपनी फर्म के लैटर पैड के साथ संलग्नकर ही निविदा विद्यालय को भेजनी होगी।

(ख) बोली दाता द्वारा समस्त प्रकार के कर एवं व्यवसाय हेतु कर्त्तव्यों के निर्वाह में जो भी देय हों को सम्मिलित कर अपनी दरें देनी होंगी। विद्यालय द्वारा दी गई दरों के अतिरिक्त कोई भी भुगतान नहीं किया जायेगा।

(ग) बोलीदाता द्वारा दी गई दरें एक वर्ष के लिए मान्य होंगी। बोलीदाता द्वारा दरें केवल भारतीय मुद्रा (रूपये) में ही अंकित करनी होंगी।

(घ) एक बोलीदाता द्वारा केवल एक निविदा ही दी जायेगी टेलेक्स या नमूना निविदा स्वीकार नहीं है।

(ड़) निविदा दाता द्वारा निविदा के साथ बयाना राशि रूपये 5000/– का बैंक ड्राफ्ट या चैक जो कि केन्द्रीय विद्यालय क्रमांक 1 हाथीबडकला देहरादून के पक्ष में देय हों संलग्न करना अनिवार्य है अन्यथा निविदा स्वीकार नही की जायेगी।

(च) बोलीदाता द्वारा अपने व्यवसाय के पंजीकरण, सेवा कर, आयकर पैन संख्या की छायाप्रति संलग्न करनी आवश्यक है।

3 **निविदा की वैधताः–** निविदा दिनांक 30.06.2024 तक वैध होगी।

4 **निविदा का मूल्यांकनः–** सेवा लेने वाले द्वारा निविदा का तुलनात्मक मूल्याकन पर्याप्त निर्धारित प्रपत्रों, नियम एव शर्तो की बाध्यता को पूर्ण करने, पूर्ण रूप से हस्ताक्षरित, विनिर्देशित (Specification) सूची की पुष्टि होने पर मूल्यांकन किया जायेगा।

5 **सेवाओं का आपूर्ति आदेशः–**

(क) सेवा लेने वाले द्वारा आपूर्ति आदेश उसी बोलीदाता को देने का निर्णय लिया जायेगा जिसकी निविदा निर्धारित प्रपत्र पर है, समस्त नियम एव शर्तो पालन करती हो एव कम से कम दरें निविदा प्रपत्र में अंकित की गई है।

(ख) बोलीदाता जिसकी निविदा स्वीकार कर ली गई हो को निविदा की वैधता के समयावधि के दौरान आपूर्ति आदेश वैधता खत्म होने से पूर्व दिया जायेगा।

(ग) आपूर्ति की अधिसूचना के निर्णय में यदि किसी इकाई की दरो और नियम एव शर्तों में परिवर्तन है तो निर्दिष्ट किया जायेगा।

(घ) विद्यालय में दी गई सेवा के तीन माह पूर्ण होने पर भुगतान किया जायेगा निविदा दाता को अधिकार है।

(ड) समस्त उपरोक्त के बावजूद अधोहस्ताक्षरी को निविदा निरस्त करने व स्वीकार करने का पूर्ण अधिकार है।

(च) सेवा लेने वाले द्वारा आपूर्ति आदेश उसी बोलीदाता को देने का निर्णय लिया जायेगा जिसकी निविदा में समस्त सामग्री हेतु दी गयी दरों का योग सब बोली दाता द्वारा दी गयी दरों का योग सबसे न्यूनतम होगा ।

(च) समस्त उपरोक्त के बावजूद अधोहस्ताक्षरी को निविदा निरस्त करने व स्वीकार करने का पूर्ण अधिकार है।

(छ) सेवा लेने वाले द्वारा आपूर्ति आदेश उसी बोलीदाता को देने का निर्णय लिया जायेगा जिसकी निविदा में समस्त सामग्री हेतु दी गयी दरों का योग सब बोली दाता द्वारा दी गयी दरों का योग सबसे न्यूनतम होगा ।

6 **निविदा प्राप्त करने की अंतिम तिथि एवं सयमः–**

सभी निविदा दाताओं से निवेदन है कि वे अपनी निविदा, निविदा बॉक्स में निविदा के लिफाफे के ऊपर इस प्रकार लिखें विद्यालय कैंटीन **निविदा प्रपत्र** । निविदायें दिनाक 26.06.2022 को प्रातः 11:00 बजे तक स्वीकार की जायेंगी एवं उसी दिन प्रातः 11:30 बजें अधोहस्ताक्षरी के कक्ष में निविदा दाताओं के समक्ष खोली जायेंगी। यदि निविदा प्राप्त करने एवं खोलने की तिथि छुट्टी होगी तो निविदायें अगले कार्य दिवस में निर्धारित समय तक प्राप्त की जायेगी एवं निर्धारित समय पर खोली जायेंगी। जिस तिथि से अनुबंध किया जायेगा उस तिथि से एक वर्ष के लिए अनुबंध मान्य होगा।

महत्वपूर्ण तथ्यः विद्यालय द्वारा दिये गये निर्धारित प्रपत्र पर ही सभी बोलीदाताओं से निविदायें प्राप्त की जायेंगी। सभी बोलीदाताओं द्वारा निविदा प्रपत्र के प्रत्येक पृष्ठ पर फर्म की मोहर एवं हस्ताक्षर होने अनिवार्य है, तत्पश्चात् फर्म के लेटरहेड पर संलग्न किया होना चाहिए

संलग्नकः– प्रपत्र दरें देने हेतु।

प्राचार्य